भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
मिनिरत्न श्रेणी-I, सीपीएसई
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
Miniratna Category-I, CPSE
(Wholly owned by Government of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

संदेश

हिंदी दिवस 2024 की शुभकामनाएँ।

हिंदी भाषा अपनी सरलता, सहजता व बोधगम्यता के कारण आज तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी की भाषा के रूप में लोकप्रिय हो रही है। साथ ही यह भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के अभिन्न अंग के रूप में देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संजो कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसके अतिरिक्त हिंदी आम जनता के मध्य संवाद और आपसी समझ को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आज अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की पहचान और भारतवंशियों को एकता के सूत्र में पिरोने में विशेष भूमिका निभा रही है।

हिन्दी में कृत्रिम मेधा के सार्थक उपयोग के साथ इसे सोशल मिडिया की सशक्त भाषा के रूप में भी पहचान मिली है। सोशल मीडिया से एक फायदा यह हुआ है कि हिन्दी में रूचि रखने वाले युवा नई तकनीकों के माध्यम से हिन्दी सीख रहे हैं।

यह अच्छी बात है कि एसपीएमसीआईएल में निगम कार्यालय सहित सभी अधीनस्थ इकाइयों में राजभाषा नीति, अधिनियम, नियम तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के संबंध में भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है।

हिन्दी दिवस के अवसर पर मैं सभी कार्मिकों से यह आह्वान करता हूं कि अपने कार्यालय कार्य में हिन्दी के क्लिष्ट शब्दों के स्थान पर सरल तथा सहज शब्दों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए जिससे संप्रेषण में स्पष्टता तथा पारदर्शिता के साथ-साथ तेज गति से निर्णय लिए जा सकें।

वि. सिंह 12/9/2024

(विजय रंजन सिंह)

16वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली – 110001
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001
फोन./Tel.: +91-11-23701220, 43582220 फैक्स/Fax : +91-11-43582276
ई–मेल/E-mail : cmd@spmcil.com वैब./Web.: www.spmcil.com
CIN : U22213DL2006GOI144763

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए